हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 30 मई 2025

11 मानसिक शांति की प्राप्ति का एकमात्र उपाय भगवत गीता : ज्ञानानंद...




12 विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत किसान सभाओं का...



## खबर संक्षेप

### महाराजा अरूट जयंती समारोह आज

**फतेहाबाद।** महाराजा अरूट जी की जयंती के उपलक्ष्य में अरोड़वंश महासभा फतेहाबाद द्वारा 30 मई को जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए अरोड़वंश महासभा के सचिव एडवोकेट नरेश सचदेवा ने बताया कि 30 मई शुस्त्र5वार को सांय साढ़े 5 बजे से साढ़े 7 बजे तक अरोड़वंश धर्मशाला में भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा।

### होमगार्ड पर लाठी-डंडों से हमला

**फतेहाबाद।** भूना क्षेत्र में एक युवक द्वारा अपने ही होमगार्ड लगे भाई पर हमला करने का मामला सामने आया है। घायल युवक को उपचार के लिए भूना के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार, गांव टिब्बी निवासी 45 वर्षीय होमगार्ड चंद्रभान टोहाना सदर थाने के अंतर्गत आने वाली कुलां पुलिस चौकी में कार्यरत है। वीरवार सुबह जब वह अपनी ड्यूटी पर जा रहा था तो इसी दौरान उसे नहर के पास रोक लिया गया।

### 19 पेड़ जलने के मामले में जमींदार पर मामला दर्ज

**डबवाली।** सदर डबवाली पुलिस ने गांव अबूबशहर के रकबे में वन विभाग के 19 पेड़ जलने के मामले में इसी गांव निवासी सिकंदर पुत्र मुंशीराम के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शिकायत में बताया कि बीती 24 मई को आग लगने से वन विभाग के 19 पेड़ जल गए, जिससे विभाग को एक लाख 39 हजार 890 रुपये का नुकसान हुआ है।

### विकास परिषद ने महिला को लगाए कृत्रिम अंग

**रतिया।** भारत विकास परिषद शाखा रतिया द्वारा चलाए जा रहे फिजियोथेरेपी एवं विकलांग सहायता केंद्र के प्रमुख सोहन लाल तनेजा के प्रयास से 48 वर्षीय महिला माया देवी पत्नी कश्मीर सिंह निवासी बादलगढ़ को कृत्रिम अंग लगाया गया। शाखा रतिया के गतिविधि संयोजिक सेवा जनक राज गोयल ने बताया कि इससे पहले भी सोहन लाल तनेजा व इनकी टीम के सदस्यों कि प्रयासों पिछले दो साल मे लगभग 20-21 अंगहीनों को कृत्रिम अंग रतिया शाखा द्वारा निःशुल्क लगाये जा चुके है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से कार चालक की मौत

**सिरसा।** रानियां के बालासर रोड पर अज्ञात वाहन ने एक कार को टक्कर मार दी, जिससे कार चालक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रानियां के वार्ड नंबर एक निवासी सूरज नाथ बीती रात गाड़ी में सवार होकर पेट्रोल डलवाने पंप पर गया था। बालासर रोड पर पंप से तेल डलवाने के बाद वह कुछ ही दूर आगे चला था कि अज्ञात वाहन ने कार को टक्कर मार दी, जिससे सूरज नाथ की मौके पर ही मौत हो गई।

## मेरा पानी-मेरी विरासत योजना अधर में लटकी

# प्रोत्साहन राशि न आने से धान की सीधी बिजाई के प्रति किसानों का मोह भंग

सुरेन्द्र असीजा ▶▶| फतेहाबाद

कृषि विभाग ने इस बार मेरा पानी मेरी विरासत योजना के तहत धान के बदले दूसरी फसल लगाने के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने का कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किया है। इस योजना के तहत हर बार कृषि विभाग किसानों को धान की जगह नरमा की फसल बिजाई करने के लिए प्रेरित करता है लेकिन इस बार अब तक विभाग को यह टारगेट नहीं मिला है कि इस बार जिले में कितने एकड़ में मेरा पानी मेरी विरासत योजना के तहत फसल विविधिकरण करवाना है।

जिले में अप्रैल महीने के अंत में शुरू हुई नरमा फसल की बिजाई का अंतिम चरण में है या यूं कहें कि जिले में 90 फीसदी से अधिक नरमा फसल की बिजाई हो चुकी है। बता दें कि पिछले वर्ष जिन किसानों ने फसल चक्र अपनाया था, उन्हें अभी तक प्रोत्साहन राशि नहीं मिली है। सीधी बिजाई शुरू कर चुके किसान इस योजना के तहत सरकार ऐसे किसानों को भी प्रोत्साहन देती है जो धान की फसल की सीधी बिजाई करते हैं, जिले के रतिया व टोहाना इलाके के कुछ किसानों ने धान की सीधी बिजाई भी शुरू की हुई है लेकिन इस बार विभाग द्वारा किसानों को प्रेरित नहीं करने के लिए चलते किसानों का रूझान सीधी बिजाई की तरफ बिल्कुल कम है।


फतेहाबाद। फसल की तैयारी करते किसान।

यहां बता दें कि पिछले चार साल से जिले में कभी सफेद मक्खी, गुलाबी सुंडी तो कभी जलभराव के कारण नरमे की तैयार फसल खराब हो जाती है जिसके चलते किसानों को हर बार घाटा लगता है, इसलिए ऐसे किसान जो धान की खेती करते हैं वे धान को छोड़कर नरमा की फसल बिजाई नहीं करता चाहते है, क्योंकि पिछले चार साल से नरमा का उत्पादन लगातार घट रहा है। इस बार भी मूंग पर जोर है। धान बैलट टोहाना, कुलां, जाखल व रतिया इलाके में किसानों ने इस बार भी मूंग की काफी बिजाई की है। पिछले साल बरसात नहीं होने के कारण इन इलाकों में मूंग का उत्पादन अच्छा हुआ था इसलिए इस बार भी किसानों का रूझान मूंग की तरफ रहा है, मूंग की फसल बेचकर किसान उसमें धान की बिजाई आसानी से कर लेते हैं।

### सवा लाख हेक्टेयर में होता है धान

*बता दें कि जिले में धान की रोपाई सवा लाख हेक्टेयर में होती है, रतिया, टोहाना, फतेहाबाद व भूना इलाके में ज्यादातर किसान धान की खेती करते हैं, इसके अलावा फतेहाबाद के जिन गांवों में सेम की समस्या है उनमें भी किसान पिछले साल से धान लगाने लगे हैं। जिले में डेढ़ लाख एकड़ से अधिक क्षेत्र में नरमा की बिजाई हुई है।*

### अभी तक नहीं मिली प्रोत्साहन राशि

बीते वर्ष जिला में मेरा पानी-मेरी विरासत योजना के तहत धान छोड़कर अन्य फसल अपनाने वाले किसानों को अभी तक 7 हजार रुपये प्रति एकड़ की प्रोत्साहन राशि नहीं मिली है। बीते वर्ष हजारों किसानों ने धान की खेती छोड़कर अन्य फसलों की बिजाई की थी। सरकार ने उन्हें प्रति एकड़ 7 हजार रुपये देने की घोषणा की थी लेकिन दूसरी फसल का सीजन शुरू हो गया, लेकिन अभी तक कृषि विभाग ने इन किसानों के खाते में राशि नहीं डाली है। जिले में यह राशि करीब डेढ़ करोड़ रुपये बनती है। माना जा रहा है कि प्रोत्साहन राशि न मिलने के चलते ही किसानों का इस योजना से मोह भंग हो गया है। हालांकि इस बार बजट में सरकार ने इस वर्ष से प्रोत्साहन राशि 7 हजार से बढ़ाकर 8 हजार रुपये प्रति एकड़ करने की घोषणा की है।

### लगातार नीचे जा रहा भू-जल

*जिले की धान बैलट में धान की फसल में पानी का दोहन अधिक होने के चलते भू-जल स्तर लगातार नीचे जा रहा है। नीचे गिरते भू-जल स्तर को रोकने के लिए ही सरकार ने मेरा पानी मेरी विरासत स्कीम लागू की थी लेकिन इस बार अब तक टारगेट नहीं आने के चलते जिले में फसल विविधिकरण करवाने की तरफ विभाग का ध्यान नहीं है।*

### अब तक नहीं कोई टारगेट : डीडीए

*मेरा पानी मेरी विरासत स्कीम के तहत इस बार जिले में फसल विविधिकरण करवाने संबंधी अब तक मुख्यालय से कोई टारगेट नहीं आया है, जिले में नरमा की बिजाई अंतिम चरण में है। किसानों को धान की सीधी बिजाई के लिए प्रेरित किया जा रहा है।*

*राजेश सिहाग, डीडीए फतेहाबाद*


फतेहाबाद। नशामुक्ति अभियान के दौरान महमदगी में ग्रामीणों से बातचीत करते टीम इंचार्ज।

नशे के खिलाफ अभियान जारी

## महमदकी में 12 नशा पीड़ितों तक पहुंची राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के निर्देशानुसार नशे के खिलाफ चल रही जिला फतेहाबाद पुलिस की मुहिम ने आज एक और अहम पड़ाव पार किया। नशा मुक्ति टीम के इंचार्ज एएसआई सुंदर के नेतृत्व में एसपीओ हरबंस लाल की सूचना पर गांव महमदकी में विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर 3 नए ड्रग पीड़ितों की पहचान कर उनकी गहन काउंसलिंग की गई। इसके अलावा पूर्व में उपचाराधीन 4 पीड़ितों का फॉलोअप करते हुए उनकी मनोवैज्ञानिक स्थिति का आकलन किया गया। सात पीड़ितों को होम्योपैथिक एवं आयुर्वेदिक दवाइयां निःशुल्क उपलब्ध करवाई गई। इसके अतिरिक्त पांच अन्य पीड़ितों को निकटतम सरकारी अस्पताल में प्राथमिक चिकित्सा एवं दवा उपलब्ध करवाई गई। इस प्रकार 12 पीड़ितों को आज पुर्नवास की दिशा में सहयोग मिला। फतेहाबाद पुलिस यह मानती है कि नशा सिर्फ एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि पूरे समाज की समस्या है, और इससे निपटने के लिए संवेदनशीलता व तत्परता दोनों आवश्यक हैं। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने अभियान की सराहना करते हुए कहा, हर नशा पीड़ित व्यक्ति हमारे समाज का हिस्सा है, और उसे मुख्यधारा में वापस लाना ही हमारी सबसे बड़ी सफलता है।

### कीटनाशक के प्रभाव से किसान की मौत

**सिरसा।** जिला के गांव साहुवाला प्रथम में एक किसान की कीटनाशक के प्रभाव से मौत हो गई। शव का वीरवार को पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है। जानकारी के अनुसार गांव साहुवाला प्रथम निवासी जगवंत सिंह खेतीबाड़ी करता था। वह खेत में कीटनाश्क दवा का छिडक़ाव कर रहा था। अचानक दवा के प्रभाव से उसकी हालत बिगड़ गए। इसके बाद परिजन उसे सिरसा नागरिक अस्पताल में लेकर आए, जहां से उसे रेफर कर दिया। परिजन उसे बठिंडा एम्स में ले गए, जहां रात को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम हेतु सिरसा के नागरिक अस्पताल लाया गया।

## फतेहाबाद पुलिस ने अफीम तस्करी के मुख्य सप्लायर को किया गिरफ्तार

डोडा पोस्त से संबंधित 6-7 मुकदमे पहले से है दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

नशा तस्करों की धरपकड़ में जुटी फतेहाबाद पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत वांछित चल रहे अफीम तस्करी के मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान करण उर्फ करनी पुत्र प्रेम चंद निवासी उमेदपुरा, ऐलनाबाद के रूप में हुई है। थाना सदर फतेहाबाद के प्रभारी निरीक्षक कुलदीप ने बताया कि 24 जुलाई 2024 को पुलिस टीम ने अफीम तस्करी के एक मामले में धर्म सिंह उर्फ धर्मा नामक व्यक्ति को दरियापुर से गिरफ्तार किया था। पूछताछ के दौरान खुलासा हुआ कि आरोपी करण ही अफीम तस्करी का मुख्य सप्लायर है, जो धर्म सिंह उर्फ धर्मा को नशीले पदार्थों की तस्करी के लिए पैसे उपलब्ध कराता था। करण, धर्मा को अफीम खरीदने के लिए पैसे देता था और बदले में उससे राजस्थान से अफीम लाकर देने को कहता था। उल्लेखनीय है कि धर्म सिंह उर्फ धर्मा पर डोडा पोस्त से संबंधित 6-7 मुकदमे पहले से दर्ज हैं, जिनमें वह फिलहाल जमानत पर बाहर था। धर्म सिंह पहले भी दो बार करण के लिए राजस्थान से अफीम ला चुका था। 24 जुलाई 2024 को करण उर्फ करनी ने एक बार फिर धर्मा को अफीम लाने के लिए कहा था, लेकिन दरियापुर के पास पुलिस ने उसे रास्ते में ही दबोच लिया। अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए करण उर्फ धर्मा लगातार अपना ठिकाना बदलता रहा, परंतु पुलिस ने आज उसे दरियापुर के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है, जिससे नशा तस्करी से जुड़े अन्य व्यक्तियों की पहचान की जा सके और पूरे नेटवर्क का भंडाफोड़ किया जा सके।


फतेहाबाद। पुलिस गिरफ्त में अफीम सप्लायर करण।

## भाखड़ा नहर में डूबे पॉलिटेक्निक छात्र का शव दो दिन बाद बरामद

दो दोस्तों के साथ नहर पर नहाने गया था ढाणी सांचला का अंकित

- पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिले के भूना क्षेत्र के गांव ढाणी गोपाल में मंगलवार को डूबे 17 वर्षीय पॉलिटेक्निक के छात्र अंकित का शव 40 घंटे बाद गुरूवार को बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। अंकित मंगलवार सुबह करीब 11 बजे अपने दोस्तों के साथ गांव ढाणी गोपाल के पास स्थित नहर में नहाते समय डूब गया था। तेज बहाव के कारण अंकित बाहर नहीं निकल सका। घटना के बाद से ही गोताखोर उसकी तलाश कर रहे थे। अंकित गांव धांगड़ स्थित गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक का स्टूडेंट था। मिली जानकारी के अनुसार जिले के भूना क्षेत्र गांव ढाणी सांचला निवासी 17 वर्षीय अंकित मंगलवार सुबह अपने दो दोस्तों के साथ गर्मी से राहत पाने के लिए ढाणी गोपाल से गुजर रही भाखड़ा नहर में नहाने गया था। जैसे ही अंकित ने नहर में छलांग लगाई तो पानी के तेज बहाव के साथ वह साथ ही बह गया। अंकित के दोस्तों के शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने अंकित को बाहर निकालने की कोशिश की लेकिन वह सफल नहीं हो सके। बाद में इस बारे पुलिस व अंकित के परिजनों को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम व काफी संख्या में ग्रामीण नहर के पास इकट्ठा हो गए और नहर में बहे छात्र की तलाश शुरू कर दी। ढाणी सांचला के सरपंच राजेंद्र सिंह ने बताया कि दो दिन से नहर में अंकित को ढूंढने के लिए सर्च ऑपरेशन चला। ढाणी गोपाल, बैजलपुर व गोरखपुर में नहर में जाल लगागए वहीं जींद से भी गोताखोर बुलाए गए। गोताखोरों को ऑक्सीजन सिलेंडर लगाकर नहर में उतारा गया। आखिरकार 40 घंटे बाद गुरूवार सुबह अंकित का शव डूमा पुल के पास से बरामद हुआ है। पुलिस ने छात्र के शव को कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

दमकल विभाग की गाड़ियों ने पाया काबू

## विश्वकर्मा इंजीनियरिंग वर्क्स में लगी भयंकर आग, लाखों के कृषि यंत्र जले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना

शहर के भुना रोड स्थित विश्वकर्मा इंजीनियरिंग वर्क्स में दोपहर के समय अचानक आग लग गई। आग की लपटे एकदम से तेज हो गई इस आग को बुझाने में फैक्ट्री में कार्यरत सैंकड़ों कर्मचारी लग गए। देखते ही देखते आग ने भंयकर रूप ले लिया तो मालिक ने तुरंत सूचना दमकल विभाग को दी। आग को बुझाने के लिए टोहाना, भुना, धारसूल और जाखल से दमकल विभाग की गाड़ियां पहुंची जिनके द्वारा आग पर काबू पाने का प्रयास किए गए। फैक्ट्री कर्मियों के अनुसार शॉर्ट सर्किट आग लगने का कारण हो सकता है। आग की सूचना पर डीएसपी उमेद सिंह, शहर थाना प्रभारी प्रहलाद सिंह खुद मौके पर पहुंचे तथा जरूरी दिशा निर्देश भी दिए। इस दौरान फैक्ट्री कर्मियों द्वारा टायर, आक्सीजन और गैस सिलेंडर सहित प्लास्टिक का सामान बाहर निकाला गया।

## होमवर्क न करने पर बच्ची का सिर मेज पर मारा बालिका का दांत टूटा

टीचर पर विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

गांव लाली में पांचवी कक्षा की छात्रा भावना की पिटाई करने के मामले में रतिया पुलिस ने आज छात्रा की माता कमलेश के बयानों पर आरोपी अध्यापक कृष्ण के खिलाफ मार पिटाई करने व जेजे एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। लड़की का दांत टूटने के कारण डेंटल सर्जन की राय के लिए फतेहाबाद रेफर कर दिया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव रामसरा, जिला हनुमानगढ़ निवासी महिला कमलेश ने कहा है कि वह अपने परिवार के साथ रतिया के गांव लाली में रहती है। उसकी दोनों लड़कियां गांव के राजकीय कन्या प्राथमिक पाठशाला में पढ़ती है। वह अपनी लड़ेह 10 वर्षीय भावना को सुबह 7 बजे स्कूल छोड़कर आई थी।


रतिया। अस्पताल में उपचाराधीन छात्रा।

घर आकर उसकी लडक़ी ने बताया कि स्कूल में कृष्ण कुमार नामक टीचर ने क्लास में आकर उसके होमवर्क की कॉपी चैक की तो होमवर्क का काम पूरा नहीं था। इस पर टीचर ने गुस्से में आकर उसका सिर पकड़कर मेज पर मारा जिस कारण उसका एक दांत भी टूट गया।

नशे का प्रकोप जारी, कब रूकेगा सिलसिला

## नशे से हुई मौत के मामले में पुलिस ने दो को किया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

क्षेत्र में नशें का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है।हैरोइन की बढ़ती तस्करी हो या फिर मेडिकल नशा, इस इलाके के लिए नासूर बन गया है। डबवाली के पुलिस जिला बनने के बाद भी हालात नहीं सुधरे। नशे से ताजा मौत गांव अबूबशहर में हुई, जिसमें कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो आरोपियों गुरविंद्र सिंह व मलकीत सिंह निवासी अबूबशहर को काबू करने में कामयाबी हासिल की है। प्रभारी चौकी चौटाला आनंद कुमार ने बताया कि दिनांक 27 मई 2025 को गुरलाभ उर्फ सन्नी पुत्र केहर सिंह निवासी अबुबशहर ने शिकायत दी कि आरोपियों द्वारा उसके भाई अर्शदीप सिंह को मादक पदार्थ दे कर नशे का आदी बना दिया व 27 मई 2025 को अपने साथ ले गए। बाद में उसका भाई अर्शदीप सिंह वाटर वर्कस के पास पड़ा है।

## टोहाना में किसानों ने फूंके भाजपा नेताओं के पुतले

महिलाओं पर की गई अभद्र टिप्पणियों का विरोध किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना

शहर के हिसार रोड स्थित संयुक्त किसान पक्का मोर्चा स्थल पर किसानों ने भाजपा नेताओं के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष लाभ सिंह हरिका की अध्यक्षता में हुए प्रदर्शन में किसानों ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद महिलाओं पर की गई अभद्र टिप्पणियों का विरोध किया। किसानों ने राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा, विजय शाह और श्रीकांत दुबे का पुतला जलाया। प्रदर्शन में भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की गई। कार्यक्रम में किसान नेता जगतार सिंह रताथेह, सीटीयू जिला सचिव रमेश डांगरा, जगदीश सैनी समेत कई किसान मौजूद रहे।किसान नेता लाभ सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद से भाजपा नेता लगातार बहन-बेटियों का अपमान कर रहे हैं। इससे समाज में रोष है। उन्होंने मांग की कि भाजपा को ऐसे नेताओं के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए।


टोहाना। बीजेपी नेताओं के खिलाफ प्रदर्शन करते किसान।

कानून व्यवस्था जानने के लिए एसपी ने रतिया में की पैदल गश्त

## एसपी ने किया रतिया थाने का औचक निरीक्षण पुलिसकर्मियों की कार्यप्रणाली को जांचा

थाना परिसर में खाने-पीने की व्यवस्था और रहन-सहन का भी लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने वीरवार को थाना सदर रतिया का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाना परिसर, कार्यालय एवं विभिन्न रिकॉड्र्स की बारीकी से जांच की। इस निरीक्षण का उद्देश्य थाना के कार्यों की गुणवत्ता और पुलिसकर्मियों की कार्यप्रणाली की जांच करना था। इस अवसर पर उप पुलिस अधीक्षक रतिया नरसिंह, सदर थाना प्रभारी उपनिरीक्षक राजबीर सिंह, नागपुर चौकी प्रभारी उप निरीक्षक गुरपाल सिंह सहित थाना के पुलिस कर्मचारी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना स्टाफ को उच्चतम कार्यक्षमता के साथ अपनी जिम्मेदारियां निभाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने सभी कर्मचारियों को कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए तत्पर रहने की दिशा में जरूरी दिशा निर्देश दिए। साथ ही, उन्हें नागरिकों के प्रति विनम्र और पेशेवर व्यवहार बनाए रखने की सलाह दी। एसपी ने थाना मालखाना और कोतवाली का भी निरीक्षण किया और इनकी कार्यप्रणाली पर संतोष व्यक्त किया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने थाना परिसर में पुलिस कर्मचारियों के खाने-पीने की व्यवस्था और उनके रहन-सहन का भी जायजा लिया। उन्होंने सुनिश्चित किया कि पुलिसकर्मियों के लिए अच्छा आहार और पर्याप्त आराम की सुविधाएं प्रदान की जाए ताकि वे अपनी ड्यूटी के प्रति पूरी तरह से समर्पित रह सकें।


शहर में पैदल गश्त कर निरीक्षण करते एसपी सिद्धांत जैन।



एक समय तक पर्यावरण बहुत शुद्ध हुआ करता था। चारों ओर प्रकृति के हरे-भरे मनोरम दृश्य दिखते थे। हमें प्रदूषणरहित वातावरण में सांस के लिए शुद्ध वायु मिलती थी। आज सब उलट गया है, प्रदूषण के कारण प्रकृति ने अपनी रमणीयता खो दी है। सांस लेने के लिए शुद्ध वायु नहीं है, न ही नदियों में पीने के लिए शुद्ध जल। ऐसी खतरनाक स्थिति कैसे बनी? पर्यावरण को हम कैसे संरक्षित करें? पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण से जुड़ी बहुत ही जरूरी बातें।





# हमारा पर्यावरण
## क्या था, क्या हो गया
# कैसे हो संरक्षित



जागरुकता
देवेंद्र मेवाड़ी

बच्चो, हम सभी पर्यावरण की गोद में पल रहे हैं। तुम जानते हो, क्या है पर्यावरण? पर्यावरण का अर्थ है हमारे आस-पास, हमारे चारों ओर का परिवेश। हमारे चारों ओर मौजूद सभी जैविक-अजैविक, सजीव-निर्जीव तत्वों से मिलकर बनता है हमारा पर्यावरण। पेड़, पहाड़, धरती, हवा, नदी, ताल-तलैया, मिट्टी में मौजूद सूक्ष्म जीवों से लेकर कीट-पतंगे और जीव-जंतु... और भी बहुत कुछ हमारे पर्यावरण के अंतर्गत आते हैं। पर्यावरण हमारे जीवन का आधार है, इसलिए इसकी देखभाल, इसका संरक्षण करना जरूरी है, हमारा दायित्व है।

**पहले कुछ ऐसा था हमारा पर्यावरण:** लाखों वर्ष पहले हम मनुष्यों का अस्तित्व इस पृथ्वी पर प्रारंभ हुआ। उस वक्त हमारा पर्यावरण आज के पर्यावरण से एकदम अलग था। तब हमारे चारों ओर थे हरे-भरे वन, ऊंची पर्वत मालाएं, गहरी घाटियां, साफ-सुथरी हवा, कल-कल करती नदियां, झरने और दूर-दूर तक फैले चौरस मैदान। ऊपर नीला आकाश था और नीचे धरती पर सागर और सागर तटों से टकराती लहरें। सागरों में भी विविधताओं से भरी जीव-जंतुओं की दुनिया। ऋतुएं आती और जाती थीं- कभी वसंत और कभी ग्रीष्म, पावस, हेमंत, शरद और शीत ऋतु। इसी ऋतु चक्र में पक्षी चहचहाते, फूलों पर तितलियां मंडरातीं, आसमान में बादल उमड़ते और झमाझम बारिशें बरसतीं। सब कुछ प्राकृतिक, सुंदर, मनोरम।

**जरा याद करके बताओ:** अच्छा बच्चो, जरा याद करो कि पिछली बार कब सुनी थी तुमने किसी नदी की कल-कल, झरनों की झर-झर और हरे-भरे पेड़ों से आती हवा की सांय-सांय की आवाज? कब देखी थी तुमने फूलों पर मंडराती मनमोहक तितली, कब सुनी थी फूलों पर मंडराते भौंरों की गुनगुन, कब चहकी थी तुम्हारी मुंडेर पर गौरैया और कब पास की अमराई में कूकी थी कोयल? नहीं याद आ रहा न! अगर तुम शहर में रहते हो, तो तुम्हारे लिए इन प्रश्नों का उत्तर देना कठिन होगा।



**ऐसे बदला परिदृश्य:** बच्चो, अठारहवीं सदी में एक दिन कोयलों की आग से धधकता, धुआं उगलता, धड़धड़ाता भाप का इंजन आ धमका। उसके साथ ही दुनिया में औद्योगिक युग की शुरुआत हो गई। कोयला बनाने के लिए पेड़ कटने लगे। हरे-भरे वनों का सफाया शुरू हो गया। हरियाली सिमटने लगी, जीव-जंतुओं के घर उजड़ने लगे। धीरे-धीरे गांव और कस्बे शहरों में बदलने लगे। यहां पर सीमेंट-कंक्रीट की ऊंची-ऊंची इमारतें दिखाई देने लगीं। कल-कारखाने हवा में जहरीला धुआं उगलने लगे और नदियों में जहरीला कचरा पहुंचने लगा। जहरीले कीटनाशकों के अंधाधुंध प्रयोग से हमारी नदियां और खेतों की माटी बुरी तरह प्रदूषित होने लगी। हम मनुष्यों ने विरासत में मिली अपनी प्यारी दुनिया बदल दी। इस नई दुनिया में खुद हम मनुष्यों का जीवन भी संकट में पड़ने लगा।

**हम समझें अपनी जिम्मेदारी:** सच कहा जाए तो विकास की दौड़ में हमने प्रकृति संरचना को बुरी तरह बिगाड़ दिया है। अब स्वयं हमारे लिए और हमारे लाखों साथी जीवों के लिए पृथ्वी पर जीना



दिनों-दिन मुश्किल होता जा रहा है। अगर अब भी हम पेड़ों से प्यार नहीं करेंगे, जंगलों की हरियाली नहीं बढ़ाएंगे, हवा में जहरीला धुआं और नदियों-तालाबों और सागरों के पानी में विषैले रसायनों का जहर घोलना बंद नहीं करेंगे तो लाखों जीव नष्ट हो जाएंगे। यही हाल रहा तो आने वाले समय में यह पृथ्वी रहने लायक नहीं रहेगी। इसलिए आओ बच्चो, हम साथ मिलकर पर्यावरण को बचाएं। *

### कोविड हमें लाया प्रकृति के करीब

बच्चो, आज से कुछ साल पहले जब दुनिया कोरोना महामारी से जूझ रही थी, लॉकडाउन चल रहा था, तब हमारे पर्यावरण में कुछ सकारात्मक और हैरान कर देने वाले बदलाव देखने को मिले। गैस चैंबर बने शहरों की हवा में केवल डेढ़-दो माह के भीतर गर्दो-गुबार इतना कम हो गया कि आसमान नीला दिखाई देने लगा! रातों को आसमान में झिलमिलाते तारे नजर आने लगे। हवा में प्राणवायु ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ गई। नदियों के काले, कलुषित पानी में मछलियां दिखाई देने लगीं। स्कूटर, कार, बसें, मेट्रो, रेलगाड़िया और हवाई जहाज न चलने के कारण शहर में कर्कश कोलाहल नहीं रहा, जिसके कारण चारों ओर शांति छा गई। चिड़ियां हमारे घरों के करीब चली आईं। हमें भोर में चिड़ियों की मधुर चहचहाहट सुनाई देने लगी। कहीं मोर नाचने लगे तो कहीं सड़कों पर नीलगाएं घूमने लगीं। जो कल तक अकल्पनीय था, वह संभव हो गया। प्रकृति ने हमें साफ संदेश दे दिया कि अगर हम प्रकृति को प्रदूषित न करें, हमारे कल-कारखाने हवा और नदियों में जहरीले रसायन न उगलें और हम हरियाली को पनपने दें तो हमारा पर्यावरण साफ स्वच्छ रहेगा, गांवों ही नहीं, शहरों की सुबहें भी पंछियों के कलरव से भर जाएंगी।

स्पेशल: वर्ल्ड साइकिल-डे, 3 जून

# बड़े काम की है ईको-फ्रेंडली व्हीकल साइकिल

जानकारी
कुमार गौरव अजीतेंदु

बच्चो, आज से कुछ साल पहले साइकिल यातायात के प्रमुख साधनों में से एक हुआ करती थी। लेकिन आजकल लोगों में साइकिल के प्रति क्रेज कम हो गया है। साइक्लिंग के प्रति लोगों में जागरूकता और लगाव बढ़ाने के उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र (यूनाइटेड नेशंस) ने विश्व साइकिल दिवस यानी 'वर्ल्ड साइकिल-डे' मनाने का निर्णय लिया। पहला आधिकारिक विश्व साइकिल दिवस 3 जून, 2018 को मनाया गया था।



**कैसे आई दुनिया में साइकिल:** साइकिल के प्रयोग को मूर्तरूप सर्वप्रथम सन 1817 में पेरिस के एक कारीगर कार्ल वॉन ड्रैस ने दिया। उसने जो वाहन बनाया, उसे हॉबी हॉर्स यानी काठ का घोड़ा कहा जाता था। यह वाहन साइकिल जैसा ही था, लेकिन इसमें पैडल नहीं थे, इसे पैरों से धक्का देकर आगे बढ़ाना होता था।

**पैडल वाले साइकिल का आविष्कार:** पैर से घुमाए जाने वाले पैडलयुक्त पहिए का आविष्कार सन 1865 ई. में पेरिस (फ्रांस) निवासी लालेमेंट ने किया। इस यंत्र को वेलॉसिपीड कहते थे। इंग्लैंड, फ्रांस और अमेरिका के यंत्र निर्माताओं ने इसमें अनेक महत्वपूर्ण सुधार कर सन 1872 में इसे एक सुंदर और हल्का रूप दे दिया। इसमें पैडल के अतिरिक्त वेयरिंग और ब्रेक भी लगाए गए थे। इससे इसे चलाना आसान हो गया। *

### भारत में साइकिल

दुनिया में जब जगह-जगह साइकिल प्रचलन में आ गई तो भारत में भी इसे खूब उपयोग किया जाने लगा। आजादी से पहले और आजादी के कुछ सालों बाद भी जब गांवों में अधिकतर सड़कें कच्ची थीं, उस समय साइकिल को आवा-गमन के लिए बहुत ही उपयोगी वाहन के रूप में लोग उपयोग करने लगे। दूधवाले, किसान, पोस्टमैन और आम जनता साइकिल का उपयोग धड़ल्ले से करती थी। आजादी की लड़ाई के दौरान भी हमारे क्रांतिकारियों ने साइकिल का उपयोग किया।



### साइकिल से जुड़ी कुछ रोचक बातें

- **Bicycle** शब्द फ्रेंच भाषा के **bicyclette** वर्ड से निकला है।
- नीदरलैंड को 'साइकिलों का देश' कहा जाता है। बताया जाता है, वहां के प्रधानमंत्री भी साइकिल से अपने ऑफिस जाते हैं।
- डेनमार्क के कोपेनहेगेन को 'सिटी ऑफ साइक्लिस्ट' भी कहा जाता है। यहां की तकरीबन 52 प्रतिशत आबादी साइकिल चलाती है।
- बोनशेकर साइकिल का वजन अस्सी किलोग्राम था।
- रोजाना 30 मिनट साइकिल चलाने वाले व्यक्ति का दिमाग साधारण व्यक्ति के मुकाबले ज्यादा एक्टिव रहता है, इतना ही नहीं ब्रेन पॉवर भी 15 से 20 फीसदी ज्यादा होती है।

कविता / अखिलेश श्रीवास्तव 'चमन'

## जीवन की नींव

जैसे हम जगते, सोते हैं
पेड़ भी जगते, सोते हैं।
जैसे हम हंसते, रोते हैं
पेड़ भी हंसते, रोते हैं।
पेड़ भी खाते हैं, पीते हैं
पेड़ भी सांस लिया करते।
कार्बनडाईऑक्साइड ले
ऑक्सीजन हमें दिया करते।
पहले सभी समझते थे कि
प्राण हीन होते हैं वन।
जे.सी. बोस ने यह बतलाया



पौधों में भी है जीवन।
चाहे पेड़ और पौधा हो
चाहे हो कोई भी जीव।
छोटी सृजक कोशिका होती है
सब के जीवन की नींव।

### एंवॉयर्नमेंट नॉलेज




Q : भारतीय वन सर्वेक्षण का मुख्यालय कहां स्थित है?
A : देहरादून में।

Q : राष्ट्रीय वन नीति के अनुसार कितने प्रतिशत भू-भाग पर वन होना अनिवार्य है?
A : 33 प्रतिशत।

Q : चिपको आंदोलन के पीछे मुख्य उद्देश्य क्या था?
A : वनों की सुरक्षा।

Q : देश का पारिस्थितिकी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र कहां स्थित है?
A : बैंग्लुरु (कर्नाटक)।

Q: ग्रीन हाउस प्रभाव क्या है?



A : ग्रीन हाउस प्रभाव में सूर्य की किरणें पृथ्वी पर आ तो जाती हैं, लेकिन कार्बन डाइऑक्साइड गैस के घेरे के कारण वापस नहीं जा पाती हैं।

Q : भारत का पर्यावरण शिक्षा केंद्र कहां स्थित है?
A : अहमदाबाद (गुजरात)।

Q : इंदिरा गांधी वानिकी अकादमी कहां स्थित है?
A : देहरादून (उत्तराखंड)।

Q : विश्व वानिकी दिवस कब मनाया जाता है?
A : 21 मार्च।

Q : भारतीय वन प्रबंधन संस्थान कहां है?
A : भोपाल में।

Q : भारत में सबसे अधिक वन किस प्रदेश में हैं?
A : मध्य प्रदेश।

Q : पौधे अपनी खाद्य निर्माण प्रक्रिया में कार्बन डाइऑक्साइड गैस वायुमंडल से लेते हैं और बदले में जीवधारियों को सांस लेने के लिए क्या मुक्त करते हैं?
A : ऑक्सीजन।

Q : कार्बन डाइऑक्साइड, सल्फर डाइऑक्साइड, कार्बन मोनो ऑक्साइड गैसों द्वारा कौन-सा प्रदूषण होता है?
A : वायु प्रदूषण।

Q : बायोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड परीक्षा किस प्रदूषण को मापने के लिए की जाती है?
A : जल प्रदूषण।

Q : परॉक्सीएसेटिल नाइट्रेट क्या है?
A : वायु प्रदूषक।

Q : राष्ट्रीय पर्यावरण अनुसंधान केंद्र कहां पर स्थित है?
A : नागपुर (महाराष्ट्र)।

Q : वायुमंडल में ओजोन परत हमारी रक्षा किन किरणों से करती है?
A : पराबैंगनी किरणों से।

Q : वायुमंडल में कौन-सी गैस सर्वाधिक पाई जाती है?
A : नाइट्रोजन।

प्रस्तुति: दीपक कोहली

निर्मला आंटी को यह बिल्कुल नहीं पसंद था, उनके घर के सामने खुले मैदान में बच्चे क्रिकेट-फुटबॉल खेलें और गेंद-फुटबॉल उनके लॉन में रखे गमलों पर गिरे, पौधे बर्बाद हों। लेकिन एक बार जब उन्हें जरूरी काम से शहर के बाहर जाना पड़ा, लौटकर जब वह आईं, अपने लॉन के पेड़-पौधों को उन्होंने जिस हालत मे देखा, वह आश्चर्यचकित रह गईं।

# ओह! यह तो वही लड़का है



कहानी
सिराज अहमद



निर्मला आंटी थोड़ी सख्त मिजाज की थीं। पिछले साल ही वह इस कॉलोनी में शिफ्ट हुई थीं। उनके घर के सामने एक खुला मैदान था, जहां शाम में बच्चे इकट्ठे होकर खेलते रहते। कभी क्रिकेट तो कभी फुटबॉल। कभी-कभी ऐसा होता कि क्रिकेट खेलते वक्त गेंद निर्मला आंटी के घर में चली जाती। कोई बच्चा जब गेंद मांगने जाता तो वह मुंह लटकाए खाली हाथ ही वापस आता।

निर्मला आंटी गेंद कभी वापस नहीं करतीं। वह बच्चों पर खूब बरसतीं। बच्चे उनसे गेंद देने की सिर्फ रिक्वेस्ट करते, कुछ न कह पाते और खेल बंद हो जाता। बच्चे कितनी बार नई गेंद खरीद कर लाएं? हर बार उनके लिए पैसों का बंदोबस्त कर पाना मुश्किल होता।

निर्मला आंटी के घर के अंदर लॉन में ढेर सारे गमलों में तरह-तरह के खूबसूरत पेड़-पौधे लगे थे। उन्हें इस बात का डर था कि कहीं गेंद उनके लगाए गए पौधों को बर्बाद न डाले। निर्मला आंटी को पेड़-पौधों से बेइंतहा मोहब्बत थी। मोहल्ले में उन्होंने पेड़ लगाने की जोरदार मुहिम चलाई थी कि घर-घर पेड़ होने चाहिए। कम ही समय में उनकी मेहनत रंग लाई और कॉलोनी में हरियाली दिखने लगी थी। एक रोज की बात है। उन्हें खबर मिली कि उनकी मम्मी की तबीयत ज्यादा खराब है। उन्हें आनन-फानन में दूसरे शहर जाना पड़ा।

अब क्या था? उनके जाने से बच्चों को फायदा हुआ। गेंद जब भी उनके घर में जाती तो वे छोटी-छोटी बाउंड्री फांदकर फौरन गेंद वापस ले आते। कोई चिकचिक नहीं। कोई डांट-फटकार नहीं। कोई देखने-पूछने वाला नहीं। देखते-देखते निर्मला आंटी को गए दो महीने हो गए थे। इधर बच्चे मस्ती में क्रिकेट का लुत्फ उठा रहे थे। वो भी बिना किसी रोक-टोक के।

एक रोज भी ऐसा ही हुआ। खेलते-खेलते गेंद घर के अंदर चली गई। चहकता हुआ सौरभ दौड़ा और बाउंड्री फांदकर फौरन घर के अंदर कूदा। वह गेंद ढूंढ़ ही रहा था, इतने में ही निर्मला आंटी की गाड़ी गेट के पास आकर रुकी। बाहर खेल रहे बच्चे भागकर अपने-अपने घरों में जा छुपे। बेचारा सौरभ फंस गया था। गेट पर उनकी आवाज सुनकर उसे मालूम पड़ गया कि निर्मला आंटी आ गई हैं। वह चुपचाप एक जगह खड़ा हो गया। निर्मला आंटी ने जैसे ही गेट खोला, सौरभ को सामने खड़ा पाया। उसके हाथों में गेंद थी।

फिर तो पूछिए नहीं। निर्मला आंटी ने उसे खूब खरी-खोटी सुनाई। उस पर खूब चिल्लाईं। चोर भी बोला, जबकि वह बार-बार यह कहता रहा कि वह सिर्फ गेंद लेने ही आया था। उन्होंने उसे धमकी दी कि वह उसके घर आकर उसके पापा से शिकायत जरूर करेंगी। उदास सौरभ वहां से घर की ओर चल पड़ा। उसने यह तय किया कि अब वह कभी यहां खेलने नहीं आएगा।

शाम हो चुकी थी। निर्मला आंटी बाहर ही कुर्सी डाल कर बैठ गईं। तभी उनकी नजर लॉन में रखे सभी गमलों पर गई तो वह हैरान रह गईं और सोचने लगी, 'गमलों में पानी किसने डाला? वह तो महीनों से बाहर थीं।'

वह फटाफट अंदर गईं। घर में लगे सीसीटीवी कैमरे की रिकॉर्डिंग खंगालने लगीं। तभी अचानक उनकी नजरें एक वीडियो पर जम गईं, जो कि उनके जाने के दो दिन बाद की थी।

एक बच्चा गेंद उठाने बाउंड्री से अंदर आता है। गेंद उठा कर वह थोड़ा ठहर जाता है, वहां रखे गमले को देखता है। फिर वहीं पर रखे जग में पानी की टोटी से पानी भरता है, सारे गमलों में अच्छी तरह से पानी डालता है। पेड़ों को फुहार मार कर नहलाता है। फिर हंसता हुआ गेंद लेकर बाहर निकल जाता है।

निर्मला आंटी ने और भी कई वीडियो देखे, जिसमें वह लड़का अंदर आता है और सिर्फ पौधों में पानी डाल कर वापस चला जाता है। वह सिर्फ यही करने अंदर आता है।

निर्मला आंटी द्वारा लगाए गए सभी पौधे हरे-भरे थे। कुछ में फूल भी खिले थे। यह तो तय था कि अगर उनमें पानी न दिया जाता तो वे सूख जाते, मुरझा जाते।

निर्मला आंटी ने कैमरे को जूम करके बच्चे को पहचानने की कोशिश की तो और भी हैरान रह गईं, 'ओह, यह तो वही लड़का है, जिसे मैंने बुरी तरह डांटा है-सौरभ।' आज जाने से पहले उन्होंने उसका नाम पूछ लिया था।

सौरभ का उदास और डरा हुआ चेहरा निर्मला आंटी के मन में आया। उन्होंने मन ही मन निर्णय ले लिया था, वह सौरभ के घर जाकर उसके मम्मी-पापा से उसकी तारीफ करेंगी, उसे शाबाशी देंगी और उसे फूलों वाला एक गमला भी उपहार में देंगी। *

कविता
रजनीकांत शुक्ल



## फिर नवजीवन पाना

नदिया पर्वत झील समंदर
सारे करें इशारे
जब भी मन ना लगे कहीं
तो आना पास हमारे।
चहकें चिड़िया जहां दूर तक
फैल रही हरियाली
चले हवा तो उसकी धुन सुन
लहके डाली-डाली।
कोलाहल से दूर शांति की
बस्ती बसी निराली
आसमान में बादल घूमें
हवा चले मतवाली।
झर-झर झरते मन को हरते
झरनों की मनहर धुन
कुहू-कुहू कोयल का गाना
भौंरों की यह गुन-गुन।
जब भी जी ना लगे तुम्हारा
पास हमारे आना
नई ऊर्जा भर जाएगी
फिर नवजीवन पाना।

## रंग भरो-176

**रंग भरो-176** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




आस्तिका, चांपा


अयान, रायपुर


कृतिका, सीपत


तेजू, रायपुर


शौर्य, जांजगीर


अरल, बिलासपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

आतिया-बहादुरगढ़, भूमिका-बागबाहरा, दीप्ति-दुर्ग, दिव्यांश-दुर्ग, डॉली-मटियारी, रोशनी-दुर्ग, संस्कार-बलौदा बाजार, श्वेता-रायपुर, तन्मय-दुर्ग, अमन-रायपुर, नेहा-बिलासपुर, सक्षम-रायगढ़, जिया-महासमुंद, कल्पना-राजनांदगांव, राज-भोपाल

## रंग भरो 177



बच्चो, यहां दिए गए ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में मनन पौधा लगाकर फावड़े से मिट्टी गोड़ रहा है। पास ही खड़ी खुशी पौधे में पानी डाल रही है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।



## खबर संक्षेप

### रक्तदान शिविर का आयोजन कल

**सिरसा।** संजीवनी अस्पताल में स्व. शांति देवी जिंदगर की पुण्यतिथि पर विशाल रक्तदान शिविर आगामी 31 मई को लगाया जाएगा। अस्पताल संचालक डॉ. अंजनी अग्रवाल ने कहा कि इलाज की सुविधा होने के बाद भी कई बार लोगों के जीवन की डोर सिर्फ इसलिए टूट जाती है कि उन्हें समय पर खून नहीं मिलता आज भी लोग गलत धारणाओं के कारण रक्तदान करने में हिचकते हैं।

### घर में सेंध लगाकर सामान व दस्तावेज चोरी

**सिरसा।** शहर के प्रीतनगर क्षेत्र में एक मकान में घुसकर चोर जरूरी दस्तावेज सहित सीसीटीवी की डीवीआर चोरी कर ले गए। पुलिस को दिए बयानों में मकान मालिक महिला सूरजमुखी ने बताया कि उनके सिरसा में बने घर में 2 कैमरा लगे हुए हैं, जोकि उनके मोबाइल फोन के साथ कनेक्ट हैं। बीती 25 मई 2025 को सुबह जब उसने अपने मोबाइल में कैमरा खोला तो देखा कि उनके सिरसा में बने हुए घर के दोनों कैमरा बंद पड़े हैं।

### 2.25 लाख की नगदी और सामान चोरी

**सिरसा।** कीर्तिनगर स्थित एक दुकान से चोर 2.25 लाख रुपए की नगदी सहित हजारों रुपए का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस को दिए बयानों में मोचियांवाली गली निवासी जितेंद्र शर्मा ने बताया कि उसकी कीर्तिनगर में बालाजी ट्रेडिंग कंपनी के नाम से दुकान है। बीती 27 मई 2025 को रात्रि को वह दुकान बंद कर घर चला गया। देर रात्रि को चोरों ने वारदात को अंजाज दिया।

### रतिया व फतेहाबाद से दो विवाहिताएं लापता

**फतेहाबाद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से दो विवाहिताओं के लापता होने का समाचार है। दोनों मामलों में परिजनों द्वारा पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पहले मामले में रतिया पुलिस को दी शिकायत में गांव पिलछियां निवासी एक युवक ने कहा है कि वह गत दिवस वह पंजाब गया था वापस आकर देखा तो उसकी 31 साल की पत्नी लापता थी। दूसरे मामले में गांव जांडवाला सोत्तर निवासी एक व्यक्ति की शिकायत पर उसकी 22 वर्षीय पत्नी के साथ 7 माह के बच्चे के साथ लापता होने बारे केस दर्ज किया है।

### विदेश भेजने के नाम पर ठगे दस लाख रुपये

**सिरसा।** कालांवाली पुलिस ने नाहर सिंह पुत्र मुख्तयार सिंह निवासी गांव कालांवाली की शिकायत पर गुरप्रीत उर्फ गैवी पुत्र हरचरण सिंह निवासी कालांवाली के खिलाफ विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करने के आरोप में मामला दर्ज किया है।

### ढीली बिजली की तारों की चपेट में आया टैक्टर

**सिरसा।** निकटवर्ती गांव बाजेकों में बिजली की तारें ट्रैक्टर से छू गई। इस दौरान तेज धमाका हुआ। ट्रैक्टर चला रहे किसान गुरेंद्र ने तारें भिड़ते ही कूदकर अपनी जान बचाई। इसके बाद काफी ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बिजली निगम के प्रति रोष जताया। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार बिजली निगम को शिकायत दी हुई है, पर कोई कार्रवाई नहीं की।

---

### रघुनाथ मंदिर व कंवल मेहता के निवास पर श्रद्धालुओं को दिया आशीर्वाद

# मानसिक शांति की प्राप्ति का एकमात्र उपाय भगवत गीता : ज्ञानानंद महाराज

- अनाज मंडी में आयोजित गीता संत्संग का अंतिम दिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जीवन में भौतिक संपत्ति से ऐश्वर्य व सुख की प्राप्ति कुछ समय के लिए हो सकती है लेकिन मानसिक शांति की प्राप्ति एकमात्र उपाय भगवत गीता है। यह बात गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज द्वारा स्थानीय अनाज मंडी में श्री कृष्ण कृपा जीयो गीता परिवार द्वारा आयोजित दिव्य गीता सत्संग के



**फतेहाबाद।** प्रवचन करते स्वामी ज्ञानानंद महाराज। फोटो : हरिभूमि

अंतिम दिन उपस्थित भक्तजनों से कही। इस अवसर पर स्वामी विज्ञान प्रेमानंद व साध्वी शांति योगानंद विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा स्वामी ज्ञानानंद महाराज शहर की भीमा बस्ती स्थित श्री रघुनाथ मंदिर, हुडा सैक्टर 3 स्थित कंवल मेहता के निवास पर पहुंचे और श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने कहा कि गीता एकमात्र ऐसा ग्रंथ है जिसकी सरंचना के बाद आजतक संशोधन की जरूरत नहीं पड़ी। संपूर्ण विश्व में आजतक एक शब्द पर प्रश्न नहीं उठा। उन्होंने कहा कि नित्य नियम से गीता पाठ हमें मजबूती प्रदान करता है।

#### गीता हमारे मनोबल को करती दृढ़

उन्होंने कहा कि सुनीता विलियम्स भारतीय मूल की नागरिक 175 दिन अंतरिक्ष में रहने के बाद जब वापस धरती पर आई तो उनसे पूछा गया कि आपके 175 दिन कैसे रहे तो उन्होंने कहा कि उनके पास हर समय भगवत गीता थी। ज्ञानानंद महाराज ने कहा कि गीता हमारे मनोबल को दृढ़ करती है और हमारी क्षमता को कमजोर नहीं होने देती। जीवन का मधुरता व सरलता से जीने के लिए अपने दैनिक जीवन में गीता को अपनाए। कार्यक्रम के संयोजक प्रवीन झंडई, प्रधान दीपक सरदाना, सचिव नरेन्द्र मोंगा ने आए हुए शहरवासियों व सामाजिक संस्थाओं का सहयोग के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि इतना बड़ा आयोजन शहरवासियों व संस्थाओं के सहयोग से संपन्न हुआ है। उन्होंने कहा कि 4 दिन तक चले इस दिव्य गीता सत्संग में हर रोज हजारों की संख्या ने भगवत गीता का श्रवण किया व महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया।

### शाखा की सामाजिक सेवाएं सराहनीयः मेहता

**सिरसा।** राष्ट्रीय पंजाबी महासभा के पदाधिकारी एवं भाजपा नेता भूपेश मेहता ने कहा कि मानवीय व सामाजिक सेवाओं में अखिल भारतीय सेवा संघ की महिला शाखा का कार्य बेमिसाल है जो समय समय पर अनेक धार्मिक व सामाजिक दिवसों पर कार्यक्रम आयोजित कर जनसेवा को प्राथमिकता देती है। वे गुरुवार को अखिल भारतीय सेवा संघ की महिला शाखा की ओर से गुरु अर्जुन देव के शहीदी दिवस पर शिव चौक पर ठंडे व मीठे पानी की लगाई गई छबील पर बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि गर्मी में किसी भी राहगिर को शीतल जल पिलाना सबसे बड़ी मानवता है। इससे पूर्व छबील पर पहुंचने पर महिला शाखा की अध्यक्ष तृप्ता चिटकारा, उपाध्यक्ष डिंपल अरोड़ा, सचिव सीमा फुटेला, विशु बत्रा, मीना जैन, गुरदेव कौर, संतोष हुड्डा, जसवीर कौर आदि पदाधिकारियों व सदस्यों ने मुख्यातिथि भूपेश मेहता का अभिनंदन किया।

## विकलांग की आत्महत्या के मामले में मृतक की पत्नी सहित तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जाखल पुलिस ने एक विकलांग युवक द्वारा सल्फास खाकर आत्महत्या करने के मामले में कार्रवाई करते हुए मृतक की पत्नी सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए लोगों में मृतक मनदीप की पत्नी सुक्खी देवी, सास कंतो देवी व ससुर बलकार सिंह निवासी चिचरवाली जिला संगरूर के रूप में हुई है। तीनों को जमानत पर रिहा किया गया है।

#### कुलवंत सिंह की शिकायत पर किया था केस दर्ज

थानाजाखल प्रभारी एसआई राधेश्याम ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 7 अप्रैल को बाजीगर बस्ती जाखल निवासी कुलवंत सिंह की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता कुलवंत के अनुसार वह किराये की गाड़ी पर ड्राईवरी का काम करता है। उसका छोटा भाई मनदीप सिंह बचपन से दोनों टांगों से विकलांग है और गांव चिचरवाली में शादीशुदा था। 5 अप्रैल को उसके भाई मनदीप सिंह की ससुराल से फोन आया। उन्होंने मनदीप से कहा कि यहां आकर अपनी पत्नी सुखी देवी को ले जाओ। इसके बाद मनदीप अपने ससुराल चिचरवाली चला गया। आज वह वापस घर आया और छत पर कमरे में चला गया। कुलवंत ने कहा कि जब वह छत पर गया तो उसने देखा कि उसका भाई गिलास से पानी पी रहा था। उसने हाथ में सल्फास का पाऊच था। जब उसने मनदीप से बात की तो उसने बताया कि उसने सल्फास खा लिया है। मनदीप ने बताया कि ससुराल में उसकी पत्नी सुखी देवी, ससुर बलकार, सास कन्तो, चाची सा वीरो देवी व दादी सास दारो देवी ने उसे बहुत बुरा-भला कहा और उसे जलील किया। इस कारण वह शर्मिन्दा है और उसका जिंदगी से मन उतर गया है।

### श्री अरूट महाराज जी की जयंती पर विशाल रक्तदान कैंप आज

रतिया। श्री अरूट महाराज जयंती पर 30 मई को फतेहाबाद रोड स्थित इंपीरियल गार्डन में विशाल रक्तदान कैंप का आयोजन किया जाएगा। प्रोजेक्ट चेयरमैन भीष्म भटेजा ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि पूर्व सांसद एवं भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सुनीता दुग्गल होंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में हरियाणा अनुसूचित जाति चेयरमैन रविंद्र बलियाला, विशेष अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोडा, एसपी सिद्धार्थ जैन, नगरपालिका चेयरपर्सन प्रीति खन्ना, भाजपा मंडलाध्यक्ष अंकित सिंगला, एसडीएम सुरेश कुमार, डीएसपी नर सिंह होंगे, अरोड़वंश महासभा फतेहाबाद के अध्यक्ष आजाद सचदेवा भाग लेंगे।

## कमाई का झांसा देकर 27 लाख ठगे

- शिकायत पर कंपनी के संचालक पर दर्ज किया मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

शहर सिरसा पुलिस ने बी-ब्लॉक निवासी विशाल सचदेवा पुत्र ओमप्रकाश सचदेवा की शिकायत पर टीम-वे कंपनी के संचालक सहित दो लोगों के खिलाफ 27 लाख रुपये की ठगी के आरोप में मामला दर्ज किया है। अपनी शिकायत में विशाल सचदेवा ने बताया कि कुलवंत सिंह निवासी खाताखेड़ी जिला फतेहाबाद व शिंद्रपाल निवासी हूमायूंखेड़ा ने उसे टीमवे कंपनी का बिजनेस मॉडल बारे बताया और मुनाफे का धंधा बताया। लेकिन उसने इंकार कर दिया। कुछ समय बाद उसके मित्र शंकर निवासी मौजदीन ने उसे कुलवंत सिंह से मिलवाया और कुलवंत ने फिर से बिजनेस प्लान बताया। जिस पर उसने व उसके दोस्त शंकर ने हामी भर दी।

#### इस प्रकार से की धोखाधड़ी

राजेश कुमार ने उसे डिस्ट्रिक फ्रेंचाइजी लेने के लिए कहा, जिसके लिए 25 लाख रुपये की मांग की गई। कहा गया कि डायरेक्ट सेल पर 10 प्रतिशत कमीशन, ऑफिस के लिए 75 हजार रुपये और एक प्रतिशत ट्रांसपोर्ट खर्च अलग से देने की बात कहीं। उसने रिश्तेदारों से पैसा जुटाकर 25 लाख रुपये अदा कर दिए। फिर से खूब काम किया, बढ़िया सेल की लेकिन कंपनी द्वारा उसका कमीशन अदा नहीं किया। बार-बार कमीशन के लिए तकाजा करने पर भी अदायगी नहीं की। उसने बताया कि कंपनी की ओर उसके एडवांस 20 लाख रुपये और 7 लाख रुपये कमीशन के बकाया हो गए। उसे ज्ञात हुआ कि कंपनी संचालक वेंकटेश कर्सुले द्वारा अपने रिश्तेदार के नाम पर नई कंपनी बनाई जा रही है और पुरानी कंपनी का साफ्टवेयर नई कंपनी में मर्ज किया जा रहा है ताकि देनदारी से बचा जा सकें। इस प्रकार कंपनी के संचालक वेंकटेश व राजेश द्वारा उसके साथ 27 लाख रुपये की धोखाधड़ी की गई है।

## सूचना आयुक्तों की नियुक्तियों को लेकर हाईकोर्ट जाएगी इनेलोः चौटाला

**सिरसा।** इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला ने कहा कि इनेलो हाल ही में भाजपा की ओर से की गई सूचना आयोग के अध्यक्ष व अन्य सदस्यों की गलत नियुक्ति को लेकर पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय जाएगी। अभय चौटाला ने कहा कि कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा भाजपा की बी टीम हैं और उन्होंने उपरोक्त अध्यक्ष व अन्य सदस्यों की नियुक्ति पत्र को बगैर देखे ही उन पर हस्ताक्षर कर दिए। उन्होंने कहा कि इनेलो की ओर से नियुक्त किए गए प्रभारी प्रदेशभर में कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर उन्हें पार्टी संगठन को मजबूत बनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी बूथ स्तर पर पदाधिकारियों की नियुक्ति कर संगठन को मजबूत करेगी और उसके बाद ही सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि 5 गांवों पर आधारित एक जोन बनाया जाएगा और उसमें 15-15 सदस्य नियुक्त किए जाएंगे जो निरंतर पार्टी की कल्याणकारी नीतियों को जन जन तक प्रचारित करेंगे। भाखड़ा के पानी के सिलसिले में इनेलो नेता ने कहा कि इनेलो ने इस बारे में हरियाणा राज्यपाल को ज्ञापन सौंपने के साथ-साथ पूरी ताकत से प्रत्येक जिले में धरना प्रदर्शन किया।

## महाराणा प्रताप भावी पीढ़ी के प्रेरणास्रोत : सिसोदिया

- राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक स्कूल में मनाई महाराणा प्रताप की 485वीं जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक स्कूल में वीरवार को वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 485वीं जयंती मनाई गई। भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश मीडिया प्रभारी गोविल सिसोदिया ने कहा कि महाराणा प्रताप अदम्य साहस के प्रतीक, अजेय आत्मबल के धारक थे। वे 81 किलोग्राम का वजनी भाला, 72 किलोग्राम का कवच व 55 किलोग्राम की तलवारें लेकर युद्ध के मैदान में उतरते थे। उनकी युद्धकला


**सिरसा।** महाराणा प्रताप को श्रद्धासुमन अर्पित करते शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

को देखकर दुश्मन कांप उठते थे। हल्दीघाटी के युद्ध में मुगल शासक अकबर ने भी उनकी वीरता एवं साहस के आगे घुटने टेक दिए थे। सिसोदिया ने कहा कि अकबर महाराणा प्रताप के युद्ध कौशल से काफी घबरा गया था। देश की गरिमा बचाने के लिए उन्होंने महलों का त्यागकर यातनाएं सही, घास की रोटियां खाई लेकिन अपने स्वाभिमान से समझौता नहीं किया। महाराणा प्रताप जयंती हमें अपनी संस्कृति, इतिहास और राष्ट्रप्रेम से जुडऩे का अवसर देती है। उनका जीवन संदेश देता है कि परिस्थितियां चाहे कैसी भी हों हमें कभी भी आत्म सम्मान से समझौता नहीं करना चाहिए।

## दुकानदार के गल्ले से हजारों की नकदी चुराकर भागे बाइक सवार

**टोहाना।** शहर के घंटा घर चौक स्थित एक होलसेल किराना दुकान में रखे गल्ले से बाइक सवार चालीस हजार रुपए की नकदी चुराकर ले गए। इसके बाद सूचना शहर पुलिस को दे दी है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। चोरी की वारदात वहां लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है, जिसके आधार पर पुलिस जांच कर रही है। पुलिस को दी शिकायत में घंटाघर चौक निवासी राजेंद्र कुमार ने बताया कि उसकी कुबेर ट्रेडिंग कंपनी के नाम से हैं। उसने बताया कि दोपहर करीबन 12 बजे दो अज्ञात युवक प्लेटिना मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए। उस समय वह बैंक में पैसे जमा करवाने के लिए रुपयों की गिनती करके डिटेल बनाकर गल्ले में रख रहा था। युवकों ने आकर उससे कुछ सामान मांगा तथा झांसा देकर गल्ले से 40 हजार रुपये निकालकर चोरी करके ले गये। उसने बताया कि आरोपियों की आस पास में तलाश की व उनका पीछा किया लेकिन आरोपी रेलवे रोड की तरफ फरार हो गये।

#### आरोपी सीसीटीवी में हुए कैद

## डोडा पोस्त सहित बाइक सवार काबू

- नशामुक्त अभियान के तहत पुलिस की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशामुक्त अभियान के तहत रतिया पुलिस ने कचरा डोडा पोस्त सहित एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान मोनू सिंह उर्फ मोटा पुत्र हप्पु सिंह सलामत निवासी म्योंद कलां के रूप में हुई है। सीआईए फतेहाबाद प्रभारी इंस्पैक्टर देवेन्द्र ने बताया कि पुलिस की टीम एएसआई राजेश कुमार के नेतृत्व में अपराधियों की धरपकड़ को लेकर गश्त पर थी। टीम जब


**फतेहाबाद।** पुलिस गिरफ्त में डोडा पोस्त तस्कर।

नया बस स्टैण्ड, रतिया पहुंची तो उन्हें सूचना मिली कि मोनू सिंह नामक युवक डोडा पोस्त बेचने का काम करता है और वह रतिया आया हुआ है। वह मोटरसाइकिल पर सवार होकर रतिया से हांसपुर की तरफ जाएगा। इस सूचना पर पुलिस टीम ने जाखनदादी के पास नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू कर दी। कुछ समय बाद रतिया की तरफ से एक युवक मोटरसाइकिल पर आते नजर आया। शक के आधार पर पुलिस कर्मचारियों ने युवक काबू कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम मोनू बताया। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास काले बैग से 3 किलो 26 ग्राम डोडा पोस्त बरामद हुआ। इस पर पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर थाना शहर रतिया में उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

### डॉ. गौरव गुप्ता की सेवाएं जनता अस्पताल में शुरू

**सिरसा।** वेल्फेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित जनता मैटरनिटी एवं जनरल अस्पताल में एमडी फिजिशियन डॉ. गौरव गुप्ता की सेवाएं बीती 28 मई से नियमित रूप से शुरू हो चुकी हैं। प्रशासक राजकुमार कामरा ने बताया कि डॉ. गौरव गुप्ता को चिकित्सा क्षेत्र में 15 सालों का अनुभव है और वे फोर्टिस हार्ट इंस्टीट्यूट दिल्ली, संजीवनी अस्पताल सिरसा, डेरा सच्चा सौदा अस्पताल में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। इसके अलावा वे मेडिकल कॉलेज अहमदाबाद में एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर भी कार्य कर चुके हैं।

## खरीफ फसलों के एमएसपी में वृद्धि का फैसला ऐतिहासिक : बैनीवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

केन्द्र सरकार द्वारा धान और दालों सहित खरीफ की 14 फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि करने के मोदी सरकार के फैसले की सराहना करते हुए युवा भाजपा नेता प्रमोद बैनीवाल ने इसे ऐतिहासिक बताया है। भाजपा नेता ने कहा कि केन्द्र सरकार ने एमएसपी में बढ़ोतरी कर साबित कर दिया है कि बीजेपी ही सही मायनों में किसान हितों को लेकर काम कर रही है। भाजपा नेता ने कहा कि केन्द्र सरकार किसानों के कल्याण के प्रतिबद्ध है। यह निर्णय किसानों को सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ उनकी आय बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। भाजपा नेता ने कहा कि केन्द्रीय कैबिनेट ने धान का एमएसपी 3 प्रतिशत बढ़ाकर 2369 रुपये, अरहर का एमएसपी 8 हजार रुपये व उड़द का 7800 रुपये किया है।

#### छोटे एंव सीमांत किसानों को दी राहत


प्रमोद बैनीवाल।

प्रमोद बैनीवाल ने कहा कि केन्द्र में जब से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनी है, तभी से किसान हितों को लेकर फैसले लागू किए जा रहे हैं। अब मोदी सरकार ने छोटे एवं सीमांत किसानों को बड़ी राहत देते हुए किसान क्रेडिट कार्ड पर ब्याज छूट योजना को भी जारी रखने का फैसला लिया है। इससे छोटे किसानों को काफी लाभ होगा और वह अपनी आर्थिक स्थिति को और ज्यादा बेहतर कर सकेंगे।

## कार्यक्रम में देशभक्ति की दिखी झलक

- महाराणा प्रताप जयंती पर ग्रामीण शिक्षण संस्थान कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती पर ग्रामीण शिक्षण संस्थान में प्रेरणादायक कार्यक्रम हुआ। आयोजन केंद्रीय व्यावसायिक एवं कौशल प्रशिक्षण चैरिटेबल ट्रस्ट और ग्रामीण स्किल डेवलपमेंट सोसाइटी ने मिलकर किया। कार्यक्रम में देशभक्ति और सांस्कृतिक गौरव की झलक दिखी। संस्थान के निदेशक मदन ठाकुर ने अध्यक्षता की। संचालन ट्रस्ट के सचिव सुखपाल सिंह ने किया। मदन ठाकुर ने विद्यार्थियों को महाराणा प्रताप के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान करते हुए कहा कि


भूना। महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्प अर्पित करते संस्थान स्टाफ सदस्य।

उनका जीवन संघर्ष, साहस और आत्मगौरव का प्रतीक है। उनके आदर्शों से सीख लेकर देशहित में काम करना चाहिए। कार्यक्रम में शिक्षकों, विद्यार्थियों और अतिथियों ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। उनके सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया। विभिन्न शैक्षणिक और व्यावसायिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर टारगेट 40 के मैनेजिंग डायरेक्टर सरवन ठाकुर, जसपाल सिंह तनु, सुलोचना ठाकुर, विद्वत कौर, आदि मौजूद रहे।

**कार्यक्रम** लाल रक्त कोशिकाओं की कमी की वजह से होता है एनीमिया : खुशी

## बोसवाल में एनीमिया जागरूकता शिविर पौष्टिक भोजन लेने के बारे में किया प्रेरित

खून की कमी से चक्कर आना, जल्दी ही थकान होना आदि लक्षण महसूस होते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में गांव बोसवाल के राजकीय उच्च विद्यालय में एनीमिया जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान सुपरवाइजर खुशी द्वारा बताया गया कि एनीमिया लाल रक्त कोशिकाओं की कमी की वजह से होता है। खून की कमी से बच्चों को चक्कर आना, जल्दी ही थकान महसूस होना, बार-बार बीमार पड़ना, सांस लेने में तकलीफ होना


**फतेहाबाद।** बोसवाल में छात्राओं को जागरूक करती सुपरवाईजर

या फिर त्वचा का पीला होना आदि लक्षण महसूस होते हैं। उन्हें बताया गया कि एक स्वस्थ व्यक्ति में 12 से 16 ग्राम एचबी लेवल होना चाहिए। अगर इससे कम होता है तो व्यक्ति एनीमिक कहा जाता है।

#### हरी सब्जियां, मौसमी फलों का करें सेवन

कार्यक्रम में मौजूद वर्कर पूजा रानी व नीतू द्वारा बताया गया कि आयरन की कमी को हरी पत्तेदार सब्जियां, मौसमी फलों, दूध, दही, दालें, गुड़ चना से दूर किया जा सकता है। बच्चों को घर के खाने को खाने के लिए प्रेरित किया गया तथा फास्ट फूड, कुरकुरे, चिप्स को ना खाने के लिए बच्चों से वादा लिया गया। उन्हें समझाया गया कि हर इंसान का अपने जीवन में कुछ न कुछ बनने का सपना होता है और वह सपना भी हम तभी पूरा करने में सक्षम होंगे जब हम स्वस्थ होंगे। साथ ही बच्चों को टिटनेस के टीके भी लगाए गए। इस दौरान राजकीय उच्च विद्यालय के टीचर्स तथा आंगनवाड़ी वर्कर पूजा, नीतू, एएनएम प्रकाश कौर व आशा वर्कर उपस्थित रही।

## खबर संक्षेप

### जेजेपी पदाधिकारियों ने की बैठक

**सिरसा।** जननायक जनता पार्टी की बैठक वीरवार को पार्टी जिलाध्यक्ष अशोक वर्मा की अध्यक्षता में हुई। जिलाध्यक्ष ने पदाधिकारियों को पार्टी संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया और संगठनात्मक तरीके से आगामी कार्य गतिविधियों पर चर्चा की। अशोक वर्मा ने कहा कि अब हलका स्तर पर बैठकों का दौर शुरू किया जाएगा जिसमें जेजेपी संगठन की मजबूती पर बल दिया जाएगा। उन्होंने इस दौरान कहा कि सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा गांव गांव जाकर पार्टी की नीतियों को घर घर तक पहुंचाया जाएगा। साथ ही किसी भी कारण से पार्टी से दूर हुए कार्यकर्ताओं तथा नए कार्यकर्ताओं को पार्टी के साथ जोडऩे की रूपरेखा को भी अमलीजामा पहनाया जाएगा।

### जितेंद्र गुप्ता बने स्काउट्स के आजीवन सदस्य

**सिरसा।** अग्रवाल सभा के अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता को हरियाणा राज्य भारत स्काउट्स एवं गाइड्ज का आजीवन पदेन सदस्य बनाया गया है। जितेंद्र गुप्ता ने हरियाणा राज्य भारत स्काउट्स एवं गाइड्ज के स्टेट चीफ कमिशनर केके खंडेलवाल, स्टेट सैक्ट्री मनीराम शर्मा एवं स्टेट ट्रेनिंग कमिशनर लक्ष्मी सिंह वर्मा का आभार प्रकट करते हुए कहा कि वह हमेशा पूरी तन्मयता से स्काउटिंग संस्था के प्रचार-प्रसार में अपना योगदान देंगे और सेवा के लिए तत्पर रहेंगे और उनको जो भी जिम्मेदारी दी जाएगी, उसको वह कत्र्तव्य निष्ठा से निर्वहन करेंगे। उनकी उपलब्धि पर वरिष्ठ भाजपा नेता मनीष सिंगला, नवदीप गर्ग, अमन गर्ग, योगेश गर्ग, हर्ष खुराना व अन्य मौजूद रहे।

### चौपटा में निःशुल्क जांच कैंप 30 मई को

**चोपटा।** चोपटा के भट्टू रोड स्थित चौधरी बच्चों का व जनरल अस्पताल में 30 मई सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक निःशुल्क जांच कैंप का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रसिद्ध चिकित्सक डा. आरुषी गोयल अपनी सेवाएं देंगी। यह जानकारी देते हुए देते हुए अस्पताल के संचालक डा. दौलत चौधरी ने बताया कि कैंप में सांस, फेफड़ा, टीबी, दमा रोगियों की जांच की जाएगी व उन्हें उचित परामर्श दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि कैंप में आए रोगियों की जांच भी निःशुल्क की जाएगी। उन्होंने बताया कि अस्पताल द्वारा 30 मई को निःशुल्क जांच कैंप का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे इस कैंप का अधिक से अधिक लाभ उठाए।

### माइनर से मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**सिरसा।** रोड़ी माइनर से एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को माइनर से बाहर निकालकर अपने कब्जे में लिया। शव को पोस्टमार्टम हेत नागरिक अस्पताल भिजवाया गया है। जानकारी अनुसार ग्रामीणों ने रोड़ी माइनर में अज्ञात व्यक्ति का शव देखा। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों से पूछताछ की, लेकिन मृतक की पहचान नहीं हो पाई। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भिजवाया गया। पुलिस का कहना है कि शव की शिनाख्त कराने की पूरी कोशिश की जा रही है। पंजाब पुलिस को भी इसकी सूचना दी गई है। शव को शिनाख्त के लिए 72 घंटे तक शव गृह में रखा जाएगा।

# ज्येष्ठ माह की चांदनी दूज को श्रद्धालु पहुंचे रामदेवरा, परिक्रमा कर मांगी मन्नतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

श्री बाबा रामदेव सेवा समिति की ओर से संचालित शक्ति नगर स्थित प्राचीन बाबा रामदेव मंदिर रामदेवरा में ज्येष्ठ माह की चांदनी दूज के उपलक्ष्य पर श्रद्धालुओं ने बाबा रामदेव महाराज के दरबार में नारियल-ध्वजा, मोर पंख और कपड़े के घोड़े चंढ़ाकर बाबा रामदेव महाराज का आशीर्वाद लिया तथा बाबा रामदेव महाराज की महिमा में जयकारें लगाकर मंदिर रामदेवरा परिसर को गुंजायमान कर दिया। समिति प्रधान रमेश जोइया ने समिति सदस्यों के साथ बाबा रामदेव महाराज को फूलों की माला अर्पित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना व आराधना कर क्षेत्र की सुख-शांति व समृद्धि की कामना की। इस दौरान बाबा रामदेव महाराज की पावन एवं सांची जोत प्रज्वलित की गई। जोत प्रज्वलित होते ही श्रद्धालुओं ने जोत के दर्शन कर मन्नतें मांगी और बाबा रामदेव महाराज की परिक्रमा की। मंदिर रामदेवरा पुजारी के साथ श्रद्धालुओं ने बाबा रामदेव महाराज की आरती की। आरती उपरांत बाबा रामदेव महाराज को चुरमा, खीर, मिष्ठान, मेवे, नारियल, बताशें आदि का भोग लगाकर प्रसाद श्रद्धालुओं में वितरित किया। बाद में मंदिर रामदेवरा भजन मंडली के सदस्य जोनी गहलोत, ओमप्रकाश मोंगा, आर्यन आहुजा, कमलकांत डाबी आदि ने बाबा की महिमा में 5 भजन गाकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर समिति प्रधान रमेश जोइया, जोनी गहलोत, कमलकांत डाबी, राकेश जोइया, वीरेन्द्र बाली मित्तल, हरीश गहलोत, तिलक गहलोत, सुशील गहलोत, नमन मोंगा, सोनू शर्मा, मनोज चायल, ओमप्रकाश मोंगा, अलेश पंवार सहित अन्य मौजूद रहे।



फतेहाबाद। बाबा रामदेव मंदिर में पूजा अर्चना करते श्रद्धालु।

### श्रद्धालुओं ने दरबार में चढ़ाए कपड़े के घोड़े

रमेश जोइया ने बताया कि मंदिर रामदेवरा में श्रद्धालु मन्नत मांगने के समय बाबा रामदेव जी के महाराज के दरबार में नारियल ध्वजा चढ़ाते है और जब मन्नत पूरी हो जाती है तो श्रद्धालु कपड़े के घोड़े बाबा रामदेव महाराज के दरबार में चढ़ाकर उनका आभार प्रकट करते हैं।

## किसानों को संतुलित खाद के प्रयोग के प्रति किया जागरूक

# विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत किसान सभाओं का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के अधीनस्थ कृषि विज्ञान केन्द्र फतेहाबाद द्वारा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के सहयोग से जिले के गांव बहबलपुर, भट्टू खुर्द और हिजरावां खुर्द में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत किसान सभाओं का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रम में विशेष तौर पर कृषि एवं कल्याण विभाग से डॉ. जयकुमार भोरिया, खंड कृषि अधिकारी फतेहाबाद व कृषि विज्ञान केन्द्र के कृषि वैज्ञानिकों ने भाग लिया। इसके अलावा कृषि पर्यवेक्षक कोमल, भरत खोखर, राजकुमार एटीएम, केशव कुमार के अलावा दूसरे विभागों बागवानी विभाग, पशुपालन विभाग, मत्स्य पालन विभाग के अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया। कृषि विज्ञान केंद्र फतेहाबाद से डॉ. सन्तोष कुमार व डॉ. अमित कुमार, नेशनल डेयरी रिसर्च सेंटर इंस्टीट्यूट करनाल से आए हुए कृषि वैज्ञानिकों ने सभा के दौरान किसानों को नवीनतम जानकारियां सांझा की। डॉ. संतोष कुमार ने किसानों को मिट्टी-पानी की जांच, खाद का संतुलित प्रयोग करने सहित अनेक कृषि सम्बंधी जानकारियां दी। डॉ. अमित कुमार ने किसानों को खरीफ फसलों में वैज्ञानिक विधि द्वारा अधिक पैदावार लेने बारे जानकारियां दी। इस विषय में किसानों को अपनी आमदनी बढ़ाने की तकनीक भी बताई गई। एनडीआरआई करनाल से डॉ. डीएन यादव, डॉ. जय कौशिक व डॉ. विश्वजीत, कृषि विज्ञान केंद्र से डॉ. संतोष कुमार वैज्ञानिक, डॉ. अमित कुमार वैज्ञानिक, इफको से संदीप कुमार व सुनील गोदारा ने भी किसानों के साथ अनेक महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की। इसके साथ-साथ कृषि एवं किसान कल्याण विभाग भी प्रयास में जुटा है।




फतेहाबाद। किसान सभाओं को संबोधित करते कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक। फोटो :हरिभूमि




# एक देश एक चुनाव से देश को आर्थिक फायदा होगा : देवेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना

टोहाना में एक देश एक चुनाव अभियान को बड़ा समर्थन मिला है। डांगरा रोड स्थित किसान विश्रामगृह में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में अभियान के जिला प्रभारी सुरेंद्र आर्य और जिला संयोजक बलदेव सैनी मौजूद रहे। पूर्व मंत्री बबली ने बैनर पर हस्ताक्षर कर अभियान की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि एक देश एक चुनाव से देश को आर्थिक फायदा होगा। साथ ही देश बार-बार चुनावी माहौल से भी बचेगा। बबली ने बताया कि चुनाव के बाद जब सरकार विकास कार्यों में जुटती है, तब कहीं न कहीं फिर चुनाव आ जाते हैं। आदर्श आचार संहिता लागू हो जाती है। इससे अधिकारी और कर्मचारी चुनावी कार्यों में व्यस्त हो जाते हैं।

उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से राजनीति से ऊपर उठकर इस अभियान का समर्थन करने की अपील की। बबली ने कहा कि टोहाना, हरियाणा और देश की जनता पूरी तरह से जागरूक है जो बढ़ चढक़र इस अभियान को सहयोग दे रही है। कार्यक्रम में भारत विकास परिषद, बार एसोसिएशन, अग्रवाल सभा, व्यापार मंडल, सैनी सभा के प्रतिनिधि शामिल हुए।

# स्वस्थ व्यक्ति साल में दो बार करे रक्तदान: कसवां

## महाराणा प्रताप जयंती पर शिव शक्ति ब्लड सेंटर में लगा शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

टीम निफा ने वीरवार को महाराणा प्रताप जयंती पर शिव शक्ति ब्लड सेंटर में रक्तदान शिविर लगाया जिसमें मुख्यातिथि बिमला कसवां थी। शिव शक्ति ब्लड बैंक के डॉ. आर एम अरोड़ा, अनिल कुमार जैन के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। इस अवसर पर बिमला कसवां ने कहा कि रक्त का कोई विकल्प नहीं है, केवल रक्तदान ही एकमात्र इसका विकल्प है। उन्होंने कहा कि रक्तदान को लेकर खासकर महिलाओं में काफी भ्रांतियां हैं, लेकिन रक्तदान से शरीर में किसी प्रकार की कमजोरी नहीं आती। एक सप्ताह के खानपान से रक्त की पूर्ति हो जाती है। उन्होंने आमजन का आह्वान किया कि प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति साल में कम से कम दो बार अवश्य रक्तदान करना चाहिए, ताकि किसी जरूरतमंद की जान बचाई जा सके। निफा महिला विंग प्रधान तन्वी खुशबू मानव के नेतृत्व में आयोजित इस कैंप में सामाजिक क्षेत्र में काम करने वाली अनेक हस्तियों ने भाग लिया। निफा हरियाणा महासचिव दलबीर सिंह ने शिविर की अध्यक्षता करते हुए कहा कि निफा संस्था की 25वीं वर्षगांठ पर टीम द्वारा रक्तदान शिविर लगाया गया है जिसमें दर्जनों यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा इससे पूर्व भी अनेक रक्तदान शिविर लगाए जा चुके हैं, जिसमें लाखों यूनिट एकत्रित किया जा चुका है। इस मौके पर रणजीत सिंह टक्कर, राजेंद्र पंडित, विजय कुमार, रामकिशन बेनीवाल, आंचल बेनीवाल, भागीरथ, दीपक, सुखराम सचदेवा, हर्ष सेठी, जितेंद्र, हार्दिक, सुनीता, विनोद सुथार सहित अनेक सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद थे।




सिरसा। रक्तदान करते रक्तदानी। फोटो :हरिभूमि

# रोजगार निगम के नाम पर युवाओं का जमकर शोषण कर रही सरकार : सुनैना चौटाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

इनेलो महिला विंग की प्रदेश प्रभारी सुनैना चौटाला अपने फतेहाबाद दौरे के दौरान युवा इनेलो के शहरी अध्यक्ष अमन शर्मा के निवास पर पहुंची और उनके परिवारजनों से मुलाकात की। अमन शर्मा व युवा कार्यकर्ताओं ने सुनैना चौटाला का स्वागत किया। सुनैना चौटाला ने परिवार की बुजुर्ग महिलाओं से आशीर्वाद लिया और उनका कुशलक्षेम जाना। युवा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सुनैना चौटाला ने कहा कि युवा कार्यकर्ता किसी भी पार्टी की रीढ़ होते हैं और इनेलो को खड़ा करने में युवा कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि इनेलो शासनकाल में पूर्व सीएम स्व. ओमप्रकाश चौटाला द्वारा युवा वर्ग का विशेष ध्यान रखा गया था। युवाओं को उनकी योग्यता के आधार पर नौकरी दी गई लेकिन आज की भाजपा सरकार युवाओं का जमकर शोषण कर रही है। रोजगार निगम के नाम पर युवाओं को नाममात्र वेतन पर काम लिया जा रहा है। युवाओं की हालत आज बंधुआ मजदूर जैसी हो गई है।



फतेहाबाद। सुनैना चौटाला का परिवार के साथ स्वागत करते युवा इनेलो शहरी प्रधान अमन शर्मा। फोटो :हरिभूमि

# फतेहाबाद में इमरजेंसी सेवाओं के लिए बनेगी सिविल डिफेंस फोर्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

राज्य सरकार के दिशा-निर्देशों के तहत देश में आपदा प्रबंधन एवं इमरजेंसी सेवाओं को और अधिक प्रभावशाली बनाने के उद्देश्य से सिविल डिफेंस फोर्स का गठन किया जा रहा है। यह फोर्स न केवल आपदा एवं आपातकालीन स्थितियों में राहत और बचाव कार्यों को अंजाम देगी, बल्कि देश के भीतर संकट की घड़ी में एक अहम सहायक बल के रूप में कार्य करेगी।

उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि फतेहाबाद जिले से संबंधित सभी पूर्व सैनिक जो स्वेच्छा से जनसेवा के इस कार्य में भाग लेना चाहते हैं, वे सिविल डिफेंस फोर्स में स्वयंसेवक के रूप में पंजीकरण करवा सकते हैं। इच्छुक पूर्व सैनिक अपना रजिस्ट्रेशन गूगल फॉर्म लिंक के माध्यम से स्वयं ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। इसके अलावा वे ऑफलाइन माध्यम से किसी भी कार्य दिवस में जिला सैनिक एवं अर्ध सैनिक कल्याण कार्यालय, फतेहाबाद में उपस्थित होकर पंजीकरण करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि सिविल डिफेंस फोर्स का उद्देश्य प्राकृतिक आपदाओं जैसे बाढ़, भूकंप, तूफान, औद्योगिक दुर्घटनाओं, महामारी जैसी स्थितियों और अन्य आपातकालीन परिदृश्यों में प्रशिक्षित व समर्पित मानव संसाधन उपलब्ध कराना है, जो प्रशासन और नागरिकों की सुरक्षा एवं सहायता के लिए तत्पर रहेंगे।

कानूनी अधिकारियों के प्रति किया जागरूक

# ‘साथी अभियान’ के तहत अयाल्की में चलाया जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव गायत्री ने बताया कि जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक अग्रवाल के निर्देशानुसार जिले में साथी अभियान के तहत निराश्रित, असहाय और बेसहारा बच्चों की पहचान की जाएगी। नालसा के सहयोग से शुरू किए गए इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ऐसे बच्चों को सहायता प्रदान करना है।

सीजेएम गायत्री ने कहा कि इस अभियान के तहत गांव अयालकी में कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस जागरूकता अभियान में अधिवक्ता सुमन लता ने नागरिकों से बच्चों का आधार नामांकन, कानूनी सहायता और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोडऩे का कार्य किया। अभियान के तहत ऐसे बच्चों की पहचान करके उनके आधार कार्ड बनवाने का कार्य भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस दौरान उपस्थित जनों को बाल विवाह, हालसा व नालसा की जनकल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी प्रदान की गई।



फतेहाबाद। अयाल्की में जागरूकता कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को जानकारी देते अधिवक्ता सुमन लता। फोटो :हरिभूमि

# सेंट जोसफ इंटरनेशनल स्कूल में समर कैंप का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज. टोहाना।

भूना रोड स्थित सेंट जोसफ इंटरनेशनल स्कूल में 7 दिवसीय समर कैंप की शुरूआत हुई। प्राचार्या मारियालीन लुईस ने बताया कि समर कैंप कक्षा प्रथम से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया। समर कैंप के दौरान विद्यार्थी स्विमिंग, पेंटिंग, डांस, आर्ट एंड क्राफ्ट, लेखन कक्षा, स्टोरी रिडिंग जैसी गतिविधियों में भाग लेंगे। कैंप के दौरान बच्चों को प्रेरणादायक फिल्में भी दिखाई जाएगी, जिससे बच्चे प्रेरणा लेकर भविष्य में देश के लिए एक जिम्मेवार नागरिक की भुमिका पाएं। प्राचार्या मारियालीन लुईस ने कहा कि गर्मियों की छुट्टियों में स्कूलों में आयोजित होने वाले समर कैंप बच्चों के लिए न केवल मनोरंजन का अवसर होते हैंए बल्कि ये उनके सर्वांगीण विकास में भी सहायक होते हैं। कैंप में न केवल बच्चे बल्कि अध्यापकगण तथा सहायक स्टाफ को भी बच्चों के साथ मनोरंजन का अवसर मिलता है। कैंप के पहले दिन बच्चों ने सभी गतिविधयों का आनंद लिया।



# सांसद सैलजा ने सीएम को पत्र लिखकर स्ट्रीट वेंडर्स के हक में उठाई आवाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पत्र लिखकर कहा है कि प्रदेश के सिरसा, जींद, फतेहाबाद, पानीपत व अन्य नगरों में रेहड़ी-पटरी व ठेले पर आजीविका चलाने वाले हज़ारों श्रमिक आज स्ट्रीट वेंडर्स (आजीविका संरक्षण एवं नियमन) अधिनियम, 2014 के लाभों से वंचित हैं। ये श्रमिक अपनी मेहनत और आत्मसम्मान से जीवनयापन



कर रहे हैं, परंतु उन्हें न तो कानूनी सुरक्षा प्राप्त है और न ही उनकी आजीविका को स्थायित्व मिला है। ऐसे में इस अधिनियम का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि इन श्रमिकों को उनका हक, सम्मान और सुरक्षा मिल सके। मुख्यमंत्री नायब सैनी को लिखे पत्र में सांसद कुमारी सैलजा ने स्ट्रीट वेंडर्स के हक में उठाई आवाज उठाते हुए कहा है कि स्ट्रीट वेंडर ऐसे व्यक्ति हैं जो सामान की बिक्री के लिए एक स्थायी निर्मित संरचना के बिना जनता को बड़े पैमाने पर वस्तुओं की बिक्री की पेशकश करते हैं। इनके हितों की रक्षा के लिए स्ट्रीट वेंडर्स (आजीविका संरक्षण एवं नियमन) अधिनियम, 2014 लागू किया था पर स्ट्रीट वेंडर्स आज भी इस अधिनियम के लाभ से वंचित है।

## कृषि संकल्प अभियान के तहत गांवों में कार्यक्रम

# किसानों को खेती से जुड़ी नई तकनीकों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चोपटा

केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत गांव में माखोसरानी, कैरांवाली और नारायण खेड़ा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें किसानों को खेती से जुड़ी नई जानकारी, तकनीक और सरकारी योजनाओं से अवगत कराया गया। यह जानकारी देते हुए कृषि विकास अधिकारी डॉ शैलेंद्र सहारण ने बताया कि केंद्र और प्रदेश सरकार मिलकर 29 मई से 12 जून तक सिरसा जिले के 135 गांवों में विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया गया है। इसी के तहत माखोसरानी, कैंरावाली और नारायण खेड़ा में डॉ सुभाष चंद्र सीआईसीआर सिरसा, डॉ. नरेन्द्र कुमार सिरसा, डॉ. नितिन कुमार एचएयू हिसार, खंड कृषि अधिकारी डॉ. विजय व अन्य मौजूद रहे।



सिरसा। किसानों को जागरूक करते कृषि विशेषज्ञ। फोटो :हरिभूमि

### किसानों से सीधा संवाद किया

उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान कृषि विज्ञान केंद्र और केंद्रीय कपास अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिक, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, बागवानी, पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन विभाग के अधिकारी गांवों में जाकर किसानों से सीधा संवाद किया। खेती, बागवानी, पशुपालन और मछली पालन से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी गई। आज से हर दिन तीन टीमें नौ गांवों का दौरा करेंगी। अभियान की निगरानी राष्ट्रीय और राज्य स्तर के अधिकारी करेंगे। फिलहाल जिले में खरीफ फसलों की बिजाई का समय चल रहा है।